# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 12 फाल्गुन, 1933 (श०) / 02 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—149

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 54 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 74 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 08 |
| (4) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| (5) विधि विभाग .. | .. | .. | 02 |
| (6) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (7) संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग | 149 |

मुआवजा देना

*588. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा सदर प्रखण्ड के शीशो पूर्वी पंचायत के ग्राम शीशो डीह निवासी महिला मजदूर शीला देवी, पति, रामसरोवर मांझी की मृत्यु वज्रपात से केवटी प्रखण्ड के मझिगामा पंचायत के ग्राम मझिगामा में दिनांक 16 फरवरी, 2011 को हो गई थी, यदि हां, तो क्या सरकार स्व० शीला देवी के आश्रितों को प्रावधानानुसार मुआवजा राशि देना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*589. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर स्थित टूरिस्ट कमप्लेक्स, सोनपुर के यात्री भवन के रेनोवेशन (जीर्णोद्धार) हेतु पर्यटन निगम द्वारा दिनांक 16 जून, 2010 को निविदा जिसका प्राक्कलित राशि 44 लाख रुपये मात्र आमंत्रित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निविदा प्रक्रिया पूरा होने के बावजूद भी आजतक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यथाशीघ्र यात्री भवन, सोनपुर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतापूर्ति में सुधार कराना

*590. श्री गोपाल जी ठाकुर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर अनुमण्डल के विद्युत् आपूर्ति की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि पंडौल से आपूर्ति होने के कारण बेनीपुर में विद्युत् आपूर्ति में बाधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बेनीपुर अनुमण्डल में विद्युत् आपूर्ति में सुधार कराने का विचार रखती है ?

---------

पुनर्वास कराना

*591. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखण्ड के झिंगरहनी दोन, द्वायर दोन एवं नवरंगिया दोन पंचायत के लगभग 75 अनुसूचित जाति के परिवारों का मकान वर्ष 2011 की बाढ़ में भुलही नदी के कटाव से नदी में विलीन हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के कटाव पीड़ित विस्थापित परिवार आज भी खुले आसमान में रहने को विवश हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के बेघर हुए अनुसूचित जाति के परिवारों को पक्का मकान मुहैया कराकर पुनर्वास कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

परामर्शदातृ समिति का गठन

*592. श्री संजय कुमार--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय परामर्शदातृ समितियों के गठन के संबंध प्रश्नकर्त्ता ने अपने पत्रांक 655, दिनांक 8 अप्रील, 2011 द्वारा प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल विभाग, बिहार को पत्र लिखा था;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपरोक्त विभागीय परामर्शदातृ समितियों का गठन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जन-सुविधाओं का निर्माण

*593. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत 125 कुर्था विधान-सभा के करपी प्रखण्ड के ग्राम किंजन के पास प्रति वर्ष पुनपुन नदी के तट पर पूरे देश से पिण्डदानियों की भारी भीड़ उमड़ती है, उसी स्थल के दूसरे तट पर सूफी संत बाबा मखदूम साहब का भी मजार है;

(2) क्या यह बात सही है कि पिण्डदानियों की सुविधा हेतु पक्का सिढ़ी, घाट, शौचालय, विश्रामालय, महिलाओं को कपड़ा बदलने का घेरा और रोशनी की व्यवस्था नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थल पर भारी संख्या में शादियाँ भी होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त धार्मिक स्थल पर जन-सुविधाओं का निर्माण कराने एवं पर्यटक स्थल घोषित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*594. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड के नदरा चौक पर दो वर्ष पूर्व तार-पोल लगा दिया गया है, किन्तु ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् आपूर्ति करना

*595. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युत् योजना के तहत प्रत्येक गाँव के 10 प्रतिशत बी०पी०एल० धारी परिवारों में विद्युतीकरण करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड के भेलाही, कुन्दह, मनुवर एवं नवहट्टा प्रखण्ड के दोकुनिया, सतोर आदि पंचायतों के एक भी गाँव में अबतक विद्युतीकरण नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्डों के सभी गाँवों के बी०पी०एल० परिवारों को विद्युत् आपूर्ति कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पोस्टमार्टम की व्यवस्था

*596. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला को बने हुए 18 वर्ष पूरे हो चुके हैं फिर भी आकस्मिक मृत्यु होने की स्थिति में पोस्टमार्टम हेतु लखीसराय से लगभग 60 कि०मी० दूर मुंगेर जाना पड़ता है जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार लखीसराय जिला मुख्यालय में पोस्टमार्टम की व्यवस्था करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

टूटे तार को जोड़ना

*597. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखण्ड के दियारा क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति पटना जिला के विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल फतुहा से की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि दियारा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति हेतु गंगा नदी में कच्ची दरगाह, फतुहा (पटना) और रूस्तमपुर (राघोपुर) वैशाली के बीच लगाये गये टावर पर 11000 वोल्ट के एक फेज का तार अप्रैल, 2011 में आये भीषण आंधी में टूट गया था जो अब तक जोड़ा नहीं गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु टूटे हुए तीसरे फेज तार को अविलम्ब जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सुविधा उपलब्ध कराना

*598. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसी भी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल या अन्य सरकारी अस्पतालों में लीवर और किडनी प्रत्यारोपण की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में उपर्युक्त सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अ० प्रा० स्वा० केन्द्र खोलना

*599. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में तीस हजार की आबादी पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कचौड़ी प्रखण्ड मुख्यालय से करीब पन्द्रह कि०मी० की दूरी पर है तथा उसकी आबादी लगभग बारह हजार से अधिक है तथा आस-पास के दर्जनों गांव को मिलाकर तीस हजार से ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कचौड़ी पंचायत मुख्यालय में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अति० स्वा० केन्द्र का निर्माण

*600. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखण्ड के पसराहा थाना के पास जमीन उपलब्ध है, जिसपर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराये जाने के संबंध में सरकार ने वर्ष 2010 में निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन पर अबतक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं कराया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस जमीन पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कमी दूर करना

*601. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पौआखाली में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, परन्तु चिकित्सकों की कमी है, यदि हां, तो इस कमी को दूर करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

बहाल करना

*602. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक ''साठ फीसदी डाक्टरों के पद रिक्त'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत चिकित्सा पदाधिकारी के स्वीकृत 219 पद के विरुद्ध 75 कार्यरत, शेष 144 पद रिक्त, जिले में स्वीकृत 542 ए०एन०एम० पद के विरुद्ध 323 कार्यरत तथा 219 पद रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिले में बुनियादी स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता के सृजित पद 133 के बदले 87 कार्यरत, टीकाकरण के लिए सृजित पद 72 के बदले मात्र 9 ही कार्यरत है, चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के 337 सृजित पद के विरुद्ध 206 कार्यरत तथा आशा के कुल पद 4046 के विरुद्ध मात्र 3354 ही कार्यरत है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जिला में चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को बहाल कर स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन निर्माण कराना

*603. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पानापुर प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार पानापुर प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण हेतु विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## चिकित्सक पदस्थापित करना

*604. श्री अखतरूल ईमान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों का कुल स्वीकृत पद 104 है जिसके विरुद्ध जिला में केवल 29 डॉक्टर विगत दो वर्षों से पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, किशनगंज में कुल 29 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं जिनमें केवल 6 डॉक्टर पदस्थापित हैं जिस कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला में डॉक्टरों के स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निगरानी से जांच कराना

*605. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री जिला विकास योजनान्तर्गत (राज्य सम-विकास योजना) मोतिहारी शहर में कचहरी चौक के नजदीक अम्बेदकर भवन की चहारदीवारी के निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति ज्ञापांक 3, दिनांक 6 फरवरी, 2009 द्वारा 10,77,722 रुपये की दी गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि बिना निविदा आमंत्रित किये विभागीय तौर पर यह काम कराया गया जबकि प्रशासनिक स्वीकृति निविदा द्वारा काम कराये जाने के लिये दी गयी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, एन०आई०ई०पी०, मोतिहारी के पत्रांक 492, दिनांक 28 जून, 2011 द्वारा प्रश्नकर्त्ता को सूचित किया गया है कि उक्त कार्य प्रशासनिक स्वीकृति के पूर्व ही प्रारम्भ कर दिया गया था;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त योजना में गड़बड़ी की जांच निगरानी अन्वेशन ब्यूरो से कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निर्माण कार्य शुरू कराना

*606. श्री अभिराम शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड के नोआवां एवं मखदुमपुर प्रखंड के धराऊत, ढ़ोढ़हा व सागरपुर में पावर सब-स्टेशन निर्माण हेतु वर्ष 2010 में माननीय मुख्य मंत्री द्वारा घोषणा की गयी थी, यदि हां, तो अभीतक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---------

## नया ट्रांसफॉर्मर लगाना

*607. श्री राम नरेश यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंडान्तर्गत बेलाखाप, राम भेलाही, महादेव पट्टी में तीन वर्षों से ट्रांसफॉर्मर जले रहने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफॉर्मर की जगह नये ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शिलान्यास स्थल पर निर्माण

*608. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के धनौड़ी पंचायत में छः बेड का अस्पताल बनाने हेतु 2008 में शिलान्यास हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल के भवन निर्माण हेतु राशि आवंटित होने के बावजूद निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं हुआ है;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नया प्राक्कलन बनवाकर उक्त भवन का निर्माण शिलान्यास स्थल पर करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अस्पताल का निर्माण

*609. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अवस्थित रामपुर का अस्पताल विगत 15 वर्षों से जर्जर अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 31/मु०, दिनांक 22 सितम्बर, 2011 के द्वारा माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग का ध्यान फैक्स के माध्यम से आकृष्ट कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामपुर में अस्पताल के निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*610. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड के ओझौल गांव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र पूर्व में चल रहा था, जो वर्ष 2004 से बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र बन्द होने से जन-समुदाय को इलाज में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ओझौल गांव के स्वास्थ्य उप-केन्द्र को पुनः चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार की व्यवस्था

*611. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखंड के चेरन ग्राम पंचायत के महादलित डिहरा ग्राम में पेयजल की आपूर्ति करने हेतु 500 मीटर तार (पोल सहित) की आवश्यकता है परन्तु मात्र 20 मीटर तार की व्यवस्था एस०पी०एम०एल० ऐजेन्सी द्वारा किया गया जिससे पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो सका;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शेष 300 मीटर अतिरिक्त तार का आवंटन कर पेयजल की उचित व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*612. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के अन्तर्गत मलौधा-वलिया एवं लक्ष्मीपुर महादलितों की बस्ती में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

अस्पताल खोलना

*613. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक-बथानी अनुमंडल में अनुमंडल स्तरीय अस्पताल नहीं रहने के कारण मरीजों को जिला मुख्यालय में इलाज कराने जाना पड़ता है, यदि हां, तो प्रावधान के आलोक में क्या सरकार नीमचक-बथानी अनुमंडल के मुख्यालय खिजरसराय में अनुमंडल स्तरीय अस्पताल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण प्रारंभ कराना

*614. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत हसनगंज प्रखंड सहित अन्य प्रखंडों में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनान्तर्गत सरकार द्वारा अपेक्षित जमीन भी हसनगंज एवं अन्य प्रखंडों में उपलब्ध करा दी गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनान्तर्गत पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

सुविधा उपलब्ध कराना

*615. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र कुर्सेला में महिला चिकित्सक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में पैथोलॉजी की व्यवस्था नहीं है, जिससे रोगियों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में महिला चिकित्सक एवं पैथोलॉजी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति शुरू करना

*616. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनियाँ प्रखण्ड अन्तर्गत बेलगंज पंचायत के बेलडीह टोला में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के तहत एक वर्ष पूर्व पोल, तार एवं मीटर लगाया गया था, किन्तु विद्युत आपूर्ति प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

जीर्णोद्धार करना

*617. मो0 आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कृत्यानन्द नगर प्रखण्ड के चम्पा नगर उप-स्वास्थ्य केन्द्र विगत 5 वर्षों से जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुनर्वास करना

*618. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परवत्ता प्रखण्ड के तेमथा करारी, कज्जलवन, कोरिआशी, सलारपुर तथा गोगरी प्रखण्ड के बीरवास झीमरी, चकहर आदि गांवों को निवासी नदी के कटाव से वर्ष 2000 से पीड़ित है जिनको अबतक पुनर्वासित नहीं किया जा सका है, यदि हां, तो कबतक, सरकार पीड़ित परिवारों के पुनर्वास कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

रक्त संग्रह केन्द्र का स्थानान्तरण

*619. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि किशनगंज जिला के प्रा0स्वा0 केन्द्र, ठाकुरगंज एफ0आर0 यू0 में संचालित रक्त संग्रह केन्द्र (Blood Storage Center) का स्थानान्तरण छतरगच्छ अस्पताल में हो गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

विद्युत आपूर्ति करना

* 620. श्री पवन कुमार जायसवाल-- क्या मंत्री,ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत समनपुर विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण विगत तीन वर्ष पूर्व हो चुका है परन्तु आजतक उक्त सब-स्टेशन से आम-जनता को विद्युत आपूर्ति नहीं किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति नहीं होने की वजह से इसका सीधा असर कृषि एवं छोटे-छोटे लघु उद्योगों पर पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में समनपुर विद्युत सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

* 621. डॉ० इजहार अहमद-- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 3 जनवरी, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "घने अंधेरे में परिजनों की गूंजती रही चीख" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला स्थित डी०एम०सी०एच० में दिनांक 1 जनवरी, 2012 की रात में बिजली की कमी तथा इमरजेंसी लाईट के अभाव में दो बच्चों की असामयिक मृत्यु हो गई तथा अन्य मरीजों को भी काफी परेशानी हुई;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मृतक के माता-पिता एवं उनके परिजनों ने विभागाध्यक्ष से आऊट सोर्सिंग एजेन्सी के जेनरेटर से भी सप्लाई शुरू करने का अनुरोध किया, लेकिन सफलता नहीं मिली ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी०एम०सी०एच० में लापरवाही बरतने वाले संबंधित विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों पर कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत आपूर्ति करना

* 622. श्री जनार्दन मांझी-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के गुलनी कुशाहा ग्राम में विद्युत सप्लाई विगत दस वर्षों से बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कानून बनाना

* 623. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह-- हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 दिसम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक "खतरे में है गांगेय डाल्फिन" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गंगा की लहरों पर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा तेज रफ्तार से चलने वाली मोटर-बोटों को जल विहार उपलब्ध कराया है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल परिवहन कानून नहीं होने की स्थिति में मनमाने ढंग से बड़े-बड़े बोटों के आवा-जाही से डाल्फिन एवं अन्य जलीय जीव के जीवन को खतरा पैदा हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डाल्फिन एवं अन्य जलीय जीव के खतरों से बचाने हेतु जल परिवहन कानून बनाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

* 624. श्री राजेश्वर राज-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत बड़गईया, महाराजगंज (महादलित टोला), कहुआरा, बिसेनिया बाल, नीलकंठपुर, पंवरा, मोरना, जरिखाप, तेन्दुआ, खरोज खुर्द, आमापोखर, पड़रिया, सेमरा, खैराडीह एवं अन्य गाँवों में आजादी के पश्चात् आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों में स्थित गांवों को चिन्हित कराकर विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक की पदस्थापना

* 625. श्री दिनेश कुमार सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में दन्त चिकित्सक का पद स्वीकृत है परन्तु चिकित्सक की पदस्थापना नहीं हुई है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडलीय अस्पताल में दन्त चिकित्सक की पदस्थापना का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चौबीस घंटा खुला रखना

* 626. श्रीमती उषा विद्यार्थी-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आकस्मिक मृत्यु उपरान्त शव परीक्षण का कार्य पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जाता है जो सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि शाम 5 बजे के बाद मृतक के परिवार जनों को शव परीक्षण हेतु लम्बा समय का इंतजार करना पड़ता है, जो असहनीय है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना मेडिकल कॉलेज स्थित शव परिक्षण कार्यालय को चौबीसों घंटे खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

* 627. श्री रणधीर कुमार सोनी-- क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत अरियरी प्रखंड के गोहदा गाँव के बगल में कोड़िहारी नदी बहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रतिवर्ष बाढ़ आने के कारण गोहदा गाँव के करीब 100 से ज्यादा महादलित परिवार नदी के कटाव से विस्थापित हो गये हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गोहदा गाँव के विस्थापित महादलित परिवारों को पुनर्वास हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 628. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लघु जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2000 से 2011 तक कुल 3217 नलकूपों को ऊर्जान्वित करने के लिए विद्युत बोर्ड को 36.44 करोड़ रुपये दिए गए थे परन्तु आजतक विद्युत बोर्ड द्वारा मात्र 248 नलकूपों को ही ऊर्जान्वित किया गया है, यदि हां, तो इस शिथिलता के लिए दोषी लोगों को चिह्नित कर उन पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है?

--------

मरम्मती कराना

* 629. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखण्ड के चंदवा पंचायत में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन को मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पोल-तार व्यवस्था करना

* 630. श्री दुलाल चन्द गोस्वामी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमंडल के बारसोई बाजार, सुधानी, आबादपुर, बलरामपुर, सालमाड़ी, आजमनगर-सोनेली में बिजली का पोल एवं तार जर्जर स्थिति में है तथा आये दिन पुराने तार टूटकर गिर जाती है, जिससे जानमाल की दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पोल और तार का समुचित व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकास करना

* 631. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अन्तर्गत दरभंगा शहर स्थित महराजा का किला वर्षों से पर्यटनों का केन्द्र रहा है, यदि हां, तो इसके सौन्दर्यीकरण एवं विकास हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है?

एक्स-रे मशीन लगाना

* 632. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के अमौर एवं वैसा प्रखंड में बने स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे मशीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को अन्यत्र जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

* 633. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर सदर अस्पताल में दिनांक 6 फरवरी, 2010 एवं 8 फरवरी, 2010 को भारी मात्रा में एक्सपायर्ड दवाई पाई गयी थी यदि हां, तो इसके लिए कौन पदाधिकारी दोषी है एवं दोषी पदाधिकारी पर अभीतक क्या कार्रवाई की गयी है, नहीं, तो क्यों?

--------

बोर्ड का गठन करना

* 634. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार निबंधन परिचारिका परिषद्, पटना का बोर्ड का गठन दस वर्षों से नहीं हुआ है जिसके कारण बिहार निबंधन परिचारिका परिषद् का महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बोर्ड का गठन करने के लिए प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को 19 जनवरी, 2011, 26 फरवरी, 2011, 29 अप्रील, 2011 को पत्र लिखा है, लेकिन अभीतक बोर्ड का गठन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बिहार निबंधन परिचारिका परिषद् बोर्ड का गठन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पदस्थापन करना

* 635. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के दनसार पंचायत अन्तर्गत एकम्बा गांव के उप-स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 5 वर्षों से चिकित्सक का पदस्थापन नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है?

नियुक्त करना

*636. श्री गिरिधारी यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संकल्प संख्या दे०चि० (स्वा०) एम-2-01/76-319(5), दिनांक 12 फरवरी, 1976 द्वारा प्राकृतिक चिकित्सक की मान्यता प्रदान की गयी परन्तु 36 वर्षों के बाद भी प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक चिकित्सकों की नियुक्ति सरकारी अस्पतालों में नहीं की गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रत्येक अस्पताल में प्राकृतिक चिकित्सक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अति०प्रा०स्वा० को चालू कराना

*637. डॉ० अरूण कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल में वर्ष 2009-10 में सोनपुरा, गोरदह, भहखड़ एवं मुरलीबोरवा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं खुलने से आम रोगियों को भारी दिक्कत होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपर्युक्त स्थानों पर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चालू कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित करना

*638. श्री सतीश कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिदुपुर में इनडोर मरीजों के लिए शय्या एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं रहने के कारण इलाज हेतु वहां के लोग हाजीपुर या पटना आकर इलाज कराने को विवश हैं, यदि हां, तो क्या सरकार मरीजों की सुविधा का ध्यान रखते हुए प्राथमिक स्वा० केन्द्र, बिदुपुर को रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*639. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिदिलपुर सुपौल, राज चकसलेम एवं हवासपुर के जोड़पुरा ताजपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज रजवा में विद्युत ट्रांसफॉर्मर वर्ष 2008 से खराब पड़े हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार ट्रांसफॉर्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

स्थिति ठीक करना

*640. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला की कुचायकोट पावर स्टेशन की स्थिति अत्यन्त ही खराब है, जिससे विद्युत आपूर्ति में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पावर सब-स्टेशन की स्थिति ठीक करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नये भवन में चालू करना

*641. श्री कन्हैया कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेस्कौर प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है जिसका अपना भवन बनकर तैयार है फिर भी किराये के मकान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में प्रा०स्वा० केन्द्र को नये भवन में व्यवस्थित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सहायता मुहैया कराना

*642. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत रघेपुरा, दमला एवं सिमरी गांव वर्ष 2011 में अगलगी से प्रभावित हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि पीड़ित परिवारों के बीच अभीतक मुआवजा एवं इन्दिरा आवास नहीं उपलब्ध कराया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीड़ित लोगों को सहायता मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*643. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि पटना में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधायें प्रदान करने संबंधी ग्राहक सेवा केन्द्र (कस्टमर केयर) सेंटर पिछले एक वर्ष से बंद है जिसके कारण उपभोक्ताओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार इसे कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अति प्रा०स्वा० केन्द्र खोलना

*644. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत तोल, ग्राम पंचायत टेंगो, ग्राम पंचायत पिपरा, ग्राम पंचायत चन्द्रगढ़ में कोई अस्पताल नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों में अतिरिक्त प्राथमिक अस्पताल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*645. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढपुरा प्रखंड के कोड़ा, हरकपुरा, बाबा हरिगिरीधाम, कटहरी टोला, रानीचक, सिमराहा ऐसे 100 (सौ) गाँव हैं जहाँ आजतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

--------

निर्माण पूर्ण कराना

*646. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अस्पताल का भवन काफी समय से निर्माणाधीन है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली उपलब्ध कराना

*647. श्री रामायण माँझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि सीवान जिला अन्तर्गत गुठनी प्रखण्ड के तीरबलवा, कोहरगड्वा, दरौली प्रखण्ड के ग्राम बल्हु महादलित टोला, बल्हु मल्लार टोला, मुजवनीया सभी टोला, गौरी, गोसोपाली, डरौलीमठीया, बहोरवा, मिश्रमठीया, गंगपलीया, चकरी पश्चिमी यादव टोला, चकरी, कोहार टोली, चकरी घुस्सा महादलित टोला गाँवों के लोग बिजली से वंचित हैं, यदि उक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन वंचित गाँवों को बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*648. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के निदेश पर अनुज्ञापन पदाधिकारी, गोपालगंज औषिध निरीक्षक, गोपालगंज के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैकुण्ठपुर का निरीक्षण किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि भण्डार पंजी का संधारण नियमानुकूल नहीं पाया गया तथा भण्डार पंजी में 46 हजार टेबलेट भण्डार कक्ष में अंकित पाया गया जबकि दवा उपलब्ध मात्र 23 हजार ही था ;

(3) क्या यह बात सही है कि औषिध निरीक्षक एवं अनुज्ञापन पदाधिकारी के द्वारा दिनांक 9 सितम्बर, 2011 को जिला पदाधिकारी, गोपालगंज एवं सिविल सर्जन, गोपालगंज को जाँच प्रतिवेदन सौंपी गई थी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभीतक दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

भवन निर्माण कराना

*649. श्री छेदी पासवान-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियाँ प्रखण्ड के ग्राम कटरा कला में सरकारी उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना डेढ़ एकड़ जमीन है परन्तु अभीतक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र, कटरा कला के जमीन पर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*650. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के चेरिया बरियारपुर प्रखण्ड अन्तर्गत खोंजहांपुर पंचायत की आबादी लगभग 20 हजार से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र अवस्थित है जिसके पास पर्याप्त रूप से भवन-व जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हेतु उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*651. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के प्रखंड सिरदला अन्तर्गत अहमदी, बरसंडो, पाण्डेडीह, कदवारा, सुखनर, खटांगी इत्यादि ग्राम पंचायत में वर्ष 2008 ई० में लगभग 16 ग्राम पंचायत में स्वा० उप-केन्द्र स्वीकृत हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृत 16 उप-केन्द्र में से एक भी उप-केन्द्र का भवन अभीतक नहीं बना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्रों का भवन का निर्माण कराकर स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सर्जन की प्रतिनियुक्ति

*652. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सदर अस्पताल, सासाराम में एक भी सर्जन डॉक्टर नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि सासाराम के सदर अस्पताल में सर्जन डॉक्टर के अभाव में गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को प्राईवेट अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है;

(3) क्या यह बात सही है कि सासाराम सदर अस्पताल में सर्जन डॉक्टर के अभाव में किसी प्रकार के अपरेशन से संबंधित मरीजों को वापस भेज दिया जाता है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम के सदर अस्पताल में सर्जन डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*653. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखण्ड स्थित स्वास्थ्य केन्द्र हसनपुर में महिला चिकित्सक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि महिलाओं को प्रसव एवं इलाज में पुरुष चिकित्सक ही रहते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसनपुर में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*654. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के सिमरवाड़, डडुआ, रमौली, तिसीऔता आदि ग्रामों के ट्रांसफॉर्मर विगत तीन वर्षों से जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*655. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखण्ड मुख्यालय में तथा सतजोड़ा ग्राम पंचायत के हरख पकड़ी गाँव में एक-एक सरकारी अस्पताल बनकर तैयार है, यदि हां, तो सरकार आवश्यक कर्मी नियुक्त कर कबतक इसे चालू कराने का विचार रखती है ?

पूर्ण कराना

*656. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौली प्रखण्ड के ग्राम डरौली मठीया में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य 2008-09 में प्रारम्भ किया गया जो नींव तक ही निर्माण कार्य हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार इस काम को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*657. श्री अखतरूल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के पंचायत कोण वाजितपुर के रानी टोल में विद्युत् उपभोक्ताओं की संख्या काफी अधिक है एवं कम ट्रांसफॉर्मर होने से वोल्टेज कम रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चहारदीवारी कराना

*658. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनियां प्रखण्ड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोई चहारदीवारी नहीं है, जिसके कारण वहां पशु एवं अन्य अवांछित तत्व घुमते रहते हैं, जिससे लोगों को कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार वहां चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार बदलना

*659. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड का 33000 के०भी०ए० का तार गुरारू से रफीगंज तक काफी जर्जर अवस्था में है एवं टूटकर गिर जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार इसे बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्यान्वयन करना

*660. श्री सुबोध राय--स्थानीय दैनिक पत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2011 में प्रकाशित समाचार शीर्षक '' पर्यटन के विकास के लिए बनेगा गंगा सर्किट'' के आलोक में क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के बाद भागलपुर में भी गंगा में फ्लोटिंग रेस्त्रां चलाने की योजना है और बहुत जल्द पर्यटन विभाग यहां गंगा महाआरती का आयोजन करेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सुलतानगंज श्रावणी मेला को जल्द राजकीय मेला का दर्जा दिलाने की घोषणा सरकार द्वारा की गयी है और सुलतानगंज सहित भागलपुर प्रक्षेत्र पर्यटन क्षेत्र घोषित होगा;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में इसका कार्यान्वयन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बकाया राशि का भुगतान

*661. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसन्ड एवं मेजरगंज प्रखण्डों में वर्ष 1999 से 2000 तक एवं वर्ष 2007 में डी०डी०टी० का छिड़काव सरकार ने करवाया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उस छिड़काव कार्य के बाद 2905 मजदूरों को अबतक भुगतान नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन मजदूरों के बकाया राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जर्जर तार बदलना

*662. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर सब-स्टेशन से पैमार तक 11000 के०वी० विद्युत् तार जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो सरकार कबतक मानपुर सब-स्टेशन से पैमार तक का 11000 के०वी० विद्युत् जर्जर तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पर्यटन सर्किट से जोड़ना

*663. श्री संजय सिंह (टाइगर)--दिनांक 9 जनवरी, 2012 को स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित ''उत्तर बिहार की धरोहरों पर होगा शोध'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थानों छपरा के चिरांद, समस्तीपुर के पारगढ़, चम्पारण के लौरिया, नंदनगढ़ और केसरिया, दरभंगा के बलराजगढ़, मधुबनी के राजनगर, मंगरौनी और सरीसब पाही उपेक्षित अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन स्थानों के विकास एवं राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु पर्यटन सर्किट से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि वितरण कराना

*664. श्री रामसूरत राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखण्डों के बाद प्रभावित परिवारों को वर्ष 2011-12 में सरकार से एक क्विंटल अनाज और 250/रु० प्रति यूनिट परिवारों को देने का प्रावधान रहने के बावजूद उक्त प्रखण्डों में आजतक राशि का वितरण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित प्रखण्डों में बाढ़ प्रभावित परिवारों को उक्त राशि का वितरण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कार्य पूरा कराना

*665. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव प्रखण्ड के सिया ग्राम में वर्ष 2007-08 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु 16 लाख की स्वीकृति किया गया था परन्तु चार वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पूरा कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

संयंत्र चलाना

*666. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती विद्युत् उप-केन्द्र में 3 वर्षों से 33 के०वी० का ब्रेकर खराब है एवं 11 के०वी० का ब्रेकर नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त संयंत्र को सुचारू रूप से चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

अनाज उपलब्ध करना

*667. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत चकनूर ग्राम रहमानपुर पंचायत दुधपुरा टोला घोरियावन, पंचायत शम्भू पट्टी ग्राम चान्दोपट्टी में वर्ष 2011 में भीषण आगलगी की घटना घटी;

(2) क्या यह बात सही है कि इन अग्निपीड़ित परिवारों को अनाज तथा विशेष इन्दिरा आवास अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन पीड़ित परिवारों को अनाज व विशेष इन्दिरा आवास उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*668. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिले के मढ़ौड़ा प्रखंड में गौड़ा उप-स्वास्थ्य केन्द्र अतिरिक्त स्वास्थ्य के रूप में उत्क्रमित होने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गौड़ा उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य के रूप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

तार लगाना

*669. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर के मुसाढ़ी, त्येवद्म, अ० चान्दे, चकसैद, शाहपुर, तुर्की, वि० कँजू आदि ग्रामों में बिजली पोल विगत तीन वर्ष पूर्व गाड़े गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के पोल पर अभीतक तार नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में गाड़े गये पोल पर तार लगाकर विद्युत की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*670. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के डोभी प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, करमौनी एवं सेवईचक कार्यरत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का पद रिक्त है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, करमौनी एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेवईचक में चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*671. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के कोपा पंचायत में एक भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है एवं निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र 15 किलो मीटर दूर सोनवर्षा में है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

जीर्णोद्धार कराना

*672. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत वीरपुर में स्थित झील 2008 के बाढ़ में ध्वस्त हो गया था, यदि हां, तो सरकार उक्त ध्वस्त झील का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है,यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वा० उप-केन्द्र बनाना

*673. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड के तरौनी गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई करना

*674. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड के मुसहरिया एवं घोड़ासहन प्रखंड के गिधौना ग्राम में क्रमश: 15 वर्ष तथा 8 वर्ष पूर्व बिहार राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा विद्युतीकरण का कार्य शुरू कराया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि सभी कार्य पूर्ण होने के बावजूद केवल ट्रांसफॉर्मर नहीं लगने के कारण आज भी दोनों ग्राम के लोग बिजली आपूर्ति से बंचित है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों ग्राम के नाम पर संबंधित ठीकेदार द्वारा विगत पांच वर्ष पूर्व ही ट्रांसफॉर्मर विभाग से लेकर अन्यत्र लगा दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस तथ्य की जाँच कराकर संबंधित ठीकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों ग्रामों में आम-जनता को विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियमित विद्युत आपूर्ति करना

*675. श्री राजेश्वर राज--दिनांक 24 जनवरी, 2012 को दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीषक ''सिर्फ दो घंटे ही मिल रही बिजली'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल में विगत छ: माह से बिजली की आपूर्ति प्रतिदिन एक से दो घंटे ही होने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपभोक्ताओं द्वारा बिजली विभाग के सभी वरीय अधिकारियों से भी शिकायत किये जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विक्रमगंज अनुमंडल में नियमित विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

* 676. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत हसनपुर प्रखण्ड के पटसा गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन अति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन जर्जर रहने के कारण रोगियों को प्राथमिक उपचार में काफी परेशानी होती है तथा वहां प्रतिनियुक्त ए०एन०एम० को भी रहने में दिक्कत होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक हसनपुर प्रखण्ड के पटसा गाँव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण शुरू कराना

* 677. श्री रामप्रवेश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड मुख्यालय में वित्तीय वर्ष 1985-86 में ही पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पावर सब-स्टेशन का 60 (साठ प्रतिशत) तक निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अचानक वर्ष 1992 में कार्य बन्द कर दिया गया यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है?

--------

सुविधा बहाल करना

* 678. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हसनगंज, डंडखोरा, कुर्सेला एवं समैली को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमण का प्रशासनिक स्वीकृति फरवरी, 2010 में ही दिया गया परन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलम्ब भवन निर्माण कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा देना

* 679. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है समस्तीपुर जिला के मोहिउद्दीन नगर प्रखंड अन्तर्गत मोहिउद्दीन नगर में छः शय्या का अस्पताल है;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहिउद्दीन नगर, मोहनपुर, विद्यापति नगर आदि प्रखंडों में लाखों आबादी के बीच कोई बड़ा अस्पताल नहीं है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोहिउद्दीन नगर बाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

* 680. डॉ० श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुपा प्रखण्ड के बाजाबिगहा, चोमार, ढीवर, बड़ैला, देवशरणा, मखदुमपुर, वरसीमा, इचोई, नीमादोहर, मानीकपुर गाँवों को विद्युतीकरण आजतक नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित गाँवों को विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत सुविधा देना

* 681. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1), क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के नरकटियागंज प्रखंड के कुकुरा, केशरिया, नौतनवा, कुण्डीलपुर, शिकारपुर, सेमरी, आदि पंचायतों के लगभग 50 गाँवों में बी०पी०एल० परिवार आज भी बिजली उपभोग से वंचित है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त गांवों के बी०पी०एल० परिवारों को विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई नहीं करने का औचित्य

* 682. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नगर निगम क्षेत्र सं० 41 व 45 में विद्युत तार जर्जर है जिसकी सूचना प्रश्नकर्त्ता सदस्य के पत्रांक 166, दिनांक 20 दिसम्बर, 2011 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, बेगूसराय को देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

व्यवहार न्यायालय की स्थापना

* 683. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर को अनुमण्डल बने 25 वर्ष से अधिक हो गया है, परन्तु अभीतक व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं हो सकी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जयनगर से मधुबनी व्यवहार न्यायालय की दूरी 35 किलो मीटर से अधिक है, जिससे वहां के आमजन को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जयनगर अनुमंडल में व्यवहार न्यायालय की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*684. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के गौनहा प्रखंडान्तर्गत बेलसंडी में अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र के भवन का शिलान्यास वर्ष 2008 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्र का भवन निर्माण कार्य अभीतक पूर्ण नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अति० प्रा० स्वा० केन्द्र के भवन का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

नियमित विद्युत आपूर्ति कराना

*685. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कोनन्दपुर, उकौडा, धेवधा, पोक्सी तथा वारिसलीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत ठेरा, मोसमा इत्यादि को पकरीवरावाँ विद्युत उप-केन्द्र से दूरी अधिक रहने के कारण नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पाती है, यदि हां, तो इन स्थानों पर नियमित विद्युत आपूर्ति हेतु सरकार क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

कमरा का निर्माण कराना

*686. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परसौनी प्रखण्ड के ग्राम परशुरामपुर के खाता संख्या 1415, खेसरा संख्या 4953, रकबा 0.21 डिसमिल गैर-मजरूआ ग्राम की जमीन में एक कमरा वाला एक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष 1998 में बनवाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक कमरा भवन रहने के कारण कर्मचारियों तथा मरीजों को इलाज में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार अतिरिक्त कमरा का निर्माण करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*687. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड के बढ़ी केवाल में ट्रांसफॉर्मर कई वर्षों से जला हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*688. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के नानपुर प्रखंड अन्तर्गत कौरिया रायपुर ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत् 10 वर्षों से जर्जर है एवं चहारदीवारी नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कौरिया रायपुर ग्राम में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का जर्जर भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल एवं तार बदलना

*689. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के नरकटियागंज सब-स्टेशन से सोफवा, कोईरगावा, राजपुर से साठी तक लगभग बारह किलो मीटर तक विद्युत तार एवं पोल की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बिजली के तार एवं पोल को बदलवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्वासित करना

*690. श्री भोला राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखंड के शिकारपुर, कुर्सेला, तैयबपुर गाँव के पाँच सौ परिवार महानन्दा कंकर नदी के कटाव के कारण 1987 से विस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उक्त परिवारों को पुनर्वासित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त दोनों खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल का निर्माण

*691. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार में अनुमंडलीय अस्पताल के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2008-09 में दी गई थी एवं वर्ष 2009 में 1385 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि निधि उपलब्ध रहने के बाद भी आजतक महनार अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अस्पताल का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत आपूर्ति चालू करना

*692. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखंड स्थित ग्राम बकुमी में पावर ग्रीड का सब-स्टेशन विगत तीन वर्षों से विद्युत आपूर्ति बन्द रहने के कारण आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रीड पावर सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति चालू कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

चिकित्सा सुविधा देना

*693. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी, बख्तियारपुर का भवन निर्माण 5 करोड़ की लागत से अढ़ाई साल पूर्व बनकर विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में आजतक मानक के अनुरूप चिकित्सीय सुविधा के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन नहीं कर इसे चालू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में अनुमंडलीय अस्पताल के मानक के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा सुविधा देते हुए इसे चालू कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

सुविधा मुहैया कराना

*694. डॉ0 रंजू गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखण्ड चिकित्सा केन्द्र को 30(तीस) शय्या बेड का अस्पताल 2 वर्ष पूर्व स्वीकृत किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चिकित्सालय को आजतक समुचित भवन एवं अन्य सुविधा नहीं मिलने के कारण बीमार लोगों का चिकित्सा एवं महिलाओं को प्रसव कराने में घोर कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चिकित्सालय का भवन सहित अन्य सुविधा मुहैया कराने हेतु कबतक कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

आवास एवं चहारदीवारी का निर्माण

*695. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिस्फी के चिकित्सक आवास काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है एवं उसकी चहारदीवारी नहीं होने से वहाँ असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र के चिकित्सक आवास की एवं उसके चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई करना

*696. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सेवा संहिता के नियम 76वी में निहित प्रावधान के अनुसार पांच वर्षों एवं उससे अधिक की अनधिकृत प्रमाणित होने की स्थिति में किसी भी सरकारी सेवक की सेवा समाप्ति अनिवार्य है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान का अनुपालन स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, डॉ0 अरूण कुमार प्रसाद तथा डॉ0 एन0एन0 राय के मामले में किया गया जब कि डॉ0 अशोक कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, किडनी ट्रांसप्लान्ट के मामले में आरोप प्रमाणित हो जाने के बावजूद वे सेवा में रहकर प्रोन्नति पा रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डॉ0 सिंह की सेवा समाप्त करते हुए दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

क्षमता में वृद्धि

*697. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड के अधीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रोशना एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कासीपुर परसा में मात्र 6 शय्या वाला अस्पताल है, जिसके कारण रोगियों को उपचार कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की क्षमता 20-20 शय्या कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

चबूतरा निर्माण कराना

*698. श्री राणा गंगेश्वर सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी अनुमंडल अन्तर्गत मोहिउद्दीननगर प्रखण्ड के सुल्तानपुर, चापड़, मोहनपुर प्रखण्ड के डुमरी, जौनापुर एवं पटोरी प्रखण्ड के हेतनपुर एवं धमौल ग्राम में बाढ़ पीड़ितों के शरण हेतु चबूतरा निर्माण नहीं रहने के कारण विस्थापितों को बाढ़ के समय काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा वर्ष 2010 में बाढ़ पीड़ित उपरोक्त गांवों में ऊंचा चबूतरा निर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार के अनुमोदनार्थ भेजा गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ पीड़ितों के शरण हेतु ऊँचा चबूतरा निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सुविधा उपलब्ध कराना

*699. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अनुमंडल स्तर के अस्पतालों में चिकित्सक परिचारिका एवं अन्य सारी सुविधाएं जो शीघ्र मुहैया की जानी थी वह करीब तीन वर्ष पूरा होने के बाद भी भोजपुर जिला के जगदीशपुर अनुमंडल अस्पताल का अबतक पूरा नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

भवन बनाना

* 700. श्री विजय कुमार सिन्हा-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत साविकपुर पंचायत के दामोदरपुर गाँव में प्रा० स्वास्थ्य उप-केन्द्र वर्ष 2000 से ही कार्यरत है, परन्तु इस केन्द्र को अपना भवन नहीं है जबकि 30 मार्च, 2009 को ही उप-केन्द्र भवन निर्माण हेतु 11,00,000 (ग्यारह लाख) रु० की स्वीकृति दे दी गई है, परन्तु उप-केन्द्र भवन आजतक नहीं बन पाया है, यदि हां, तो उसका क्या औचित्य है;

--------

पद का सृजन

* 701. श्री (डॉ०) नरेन्द्र कुमार पाण्डेय-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने राजवंशी नगर, पटना स्थित लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल को ''न्यूरो'' का सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल का दर्जा दिया है परन्तु अभीतक उक्त अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट पदाधिकारी का पद सृजित नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार न्यूरोलॉजिस्ट पदाधिकारी के पद सृजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियमित विद्युत् आपूर्ति

* 702. श्री प्रदीप कुमार-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावाँ प्रखंड के धमौल, ढ़ोढ़ा, बेलखुंडा, गुलनी इत्यादि पंचायतों को पकरीबरावाँ विद्युत् उप-केन्द्र से दूरी अधिक रहने के कारण नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पाती है, यदि हां, तो उन विद्युत् उप-केन्द्रों में नियमित विद्युत् आपूर्ति हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

--------

विद्युतीकरण कराना

* 703. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू के बरोरह गाँव के टोला सुदर्शन बिगहा में अभीतक विद्युतीकरण का काम नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार सुदर्शन बिगहा टोले में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

* 704. श्री छोटे लाल राय-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत शीतलपुर पावर ग्रिड से अकिलपुर उप-केन्द्र में तैंतीस हजार शक्ति का तार गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराना एवं घटिया तार लगने के कारण प्रायः टूटता रहता है जिससे विद्युत् आपूर्ति में बाधा होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

* 705. श्री रामसेवक सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला अन्तर्गत हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड उचकागांव में ग्राम पंचायत राज बलेसरा में चलने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र बलेसरा भाड़े के मकान में चलता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना

* 706. श्री जितेन्द्र कुमार राय-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखंड अन्तर्गत अगहरा पंचायत के ग्राम जवईनिया कदम टोला में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने से इसके आस-पास के 5-6 कि०मी० की जनता को स्वास्थ्य सुविधा सही ढंग से उपलब्ध नहीं होती है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में मढ़ौड़ा प्रखंड अगहरा पंचायत के जवइनिया कदम टोला में एक स्वास्थ्य उंप-केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

महिला चिकित्सक का पदस्थापन

* 707. श्रीमती मीना द्विवेदी-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के गोविन्दगंज विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड अरेराज अवस्थित रेफरल अस्पताल है जिसमें महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं हो पायी है;

(2) क्या यह बात सही है कि महिला चिकित्सक नहीं होने के कारण प्रसव हेतु महिलाओं को अन्यत्र इधर-उधर जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अरेराज अवस्थित रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक की पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली आपूर्ति करना

*708. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत राजीव गाँधी विद्युतीकरण कार्य के अधीन पथ्थरवार, बातधर, फरहन, बरनैल, केदुनियाँ, गौड़ीचक आदि पंचायतों में बिजली की आपूर्ति नहीं हो सकी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के गाँवों में बिजली आपूर्ति करने का विचार कबतक रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

आवासन की व्यवस्था

*709. श्री बैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज इन्द्रवारा में अवस्थित बाबा केवल महराज पुजनोत्सव मेला को सरकार द्वारा वर्ष 2010 में राजकीय मेला घोषित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मेला में राज्य के अलावे पड़ोसी देश के श्रद्धालु भी आते हैं, जिन्हें ठहरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो इनके आवासन हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

विद्युतीकरण करना

*710. श्री विभाष चन्द्र चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत समेली प्रखण्ड के छोहार पंचायत में अवस्थित सभी गाँवों तथा बरारी प्रखण्ड के मोहना चांदपुर पंचायत, बकिया सुखाय पंचायत के सभी गाँवों में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है, यदि हां, तो इनका विद्युतीकरण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

विद्युतापूर्ति बहाल करना

*711. श्री (डॉ०) कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड के नव-निर्मित विद्युत् सब-स्टेशन, नौगढ़ द्वारा विद्युत आपूर्ति नहीं किया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्युत् सब-स्टेशन, नौगढ़ को चालू करके ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*712. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड के तरैया, परौना, पचरौड़, मटौरा, गवदी, डेवढ़ी गाँवों का बिजली का तार विगत 5 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के सभी गाँवों के जर्जर बिजली के तार को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण कराना

*713. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मछुरटा अन्तर्गत मछुरटा हाट स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ रहने का भवन जर्जर स्थिति में है एवं चाहरदीवारी भी अधूरा बना है, जिस कारण असुरक्षा का भी डर बना रहता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना का लाभ दिलाना

*714. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत प्रसव स्त्री को किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना का लाभ उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापना करना

*715. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिकटी, कुर्साकांटा एवं पलासी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला चिकित्सकों की पदस्थापना नहीं हुई है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में महिला चिकित्सकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यान्वयन करना

*716. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के विहपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बभनगामा पैठान टोला पत्रांक 1834, सोनवर्षा अनुसूचित जाति टोला पत्रांक 1835, झंझारपुर शेख टोला पत्रांक 1836 के द्वारा विद्युतीकरण के लिए भागलपुर महाप्रबंधक ने 5 अप्रील, 2011 को ही मुख्य अभियंता, पटना को भेज दिया है, यदि हां, तो उक्त पत्रों का अभीतक कार्यान्वयन नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

तार बदलना

*717. श्री जर्नादन मांझी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के अमरपुर प्रखंड के हाड्डी, कल्याणपुर, शम्भूगंज प्रखंड के गुलनी कुशाहा में विद्युत् तार जर्जर एवं पोल नहीं रहने के कारण विद्युत् आपूर्ति बन्द है, यदि हां, तो क्या सरकार उपर्युक्त प्रखंडों में जर्जर तार को बदलकर विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

*718. श्री गिरीधारी यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत चांदन प्रखंड को निर्बाध विद्युत् आपूर्ति हेतु चांदन प्रखंड मुख्यालय में ग्रिड स्टेशन बना जिसका डेढ़ माह पहले उद्घाटन भी हो गया परन्तु आजतक उक्त ग्रिड से बिजली आपूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिसके कारण बांका जिला बिजली की कमी से जूझ रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त ग्रिड से विद्युत् आपूर्ति प्रारम्भ कराने का विचार रखती है ?

---

बिजली आपूर्ति चालू कराना

*719. श्री संजय सिंह ''टाइगर''—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड के पियनियां गाँव में विगत पाँच वर्षों से पोल गिर जाने तथा तार काट लिए जाने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव में बिजली की आपूर्ति चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

*720. श्रीमती मनोरमा प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चंपारण जिला के नौतन प्रखण्ड मुख्यालय, जगदीशपुर, सनसरैया, बैरिया प्रखण्ड मुख्यालय, पखनाहा बाजार में बिजली का तार जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो सरकार कबतक इसे बदलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

निविदा निकालना

*721. श्री (डा०) जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसी भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गठित रोगी कल्याण समिति को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुसार आऊट सोर्सिंग (अस्पताल सफाई, विद्युत् व्यवस्था एवं रोगी के भोजन आदि) का निविदा आमंत्रित करने का अधिकार प्राप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, बांका द्वारा अपने स्तर से नियम के विरुद्ध दिनांक 19 फरवरी, 2011 को निविदा (आऊट सोर्सिंग) आमंत्रित की गई है, जिसके विरुद्ध बांका जिला अधिवक्ता संघ के सचिव एवं अन्य के द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2011 को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग को शिकायत पत्र दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गलत ढंग से निविदा निकालने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए पुनः नये सिरे से निविदा निकालने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कारगर कदम उठाना

*722. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''मान्यता पर लटकी तलवार'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में पटना स्थित इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान में चल रहे मेडिकल कॉलेज की मान्यता से संबंधित एम०सी०आई० का निरीक्षण फरवरी, 2012 में निर्धारित है तथा मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए जो मानक है उसे अगले निरीक्षण के दृष्टि से परिसर में कमियों को फरवरी, 2012 के पूर्व पूरा कर लेना होगा;

(2) क्या यह बात सही है कि आई०जी०आई०एम०एस० संस्थान ने सरकार को वर्ष 2011 के जून महीने में ही उक्त निरीक्षण से संबंधित जरूरतों का जिक्र प्रोजेक्ट बनाकर भेज दिया था, परन्तु अभीतक सरकार ने आवश्यक संज्ञान नहीं लिया है और न ही आवश्यक धन राशि का भी आवंटन नहीं कर पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार निर्धारित अवधि में एम०सी०आई० के निरीक्षण के पूर्व मान्यता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कमियों को दूर करने के लिए कौन-सी कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

---

विद्युत् आपूर्ति करना

*723. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के गौसनगर, बलुआ, ओलीपुर, सरहचियां गाँव एवं नानपुर प्रखंड के बाथअसली, फेजपुर, पंडौल, गौरा आदि गाँवों में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत 2 वर्ष पूर्व बिजली का तार, पोल एवं ट्रांसफॉर्मर लगा दिया गया है किंतु बिजली की आपूर्ति नहीं होता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में बिजली की आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

* 724. श्री विरेन्द्र सिंह-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखंड अन्तर्गत भोरे विद्युत सब-स्टेशन वर्ष 1986 में चालू की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि भोरे विद्युत सब-स्टेशन वर्तमान में बंद पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोरे विद्युत सब-स्टेशन चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू कराना

* 725. श्री (डॉ०) अब्दुल गफुर-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्दह लगभग एक लाख आबादी के बीच स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल पिछले पाँच वर्षों से बंद पड़ा है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के बंद रहने के कारण उस इलाके के रोगियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी बनाना

* 726. श्रीमती कुमारी मंजु वर्मा-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत खोदावन्दपुर स्वास्थ्य केन्द्र, में वर्ष 2006-07 में भवन निर्माण एवं चहारदीवारी निर्माण की योजना स्वीकृत हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि चहारदीवारी का काम आज भी अधूरा पड़ा हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चहारदीवारी का कार्य पूर्ण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कार्रवाई नहीं करने का औचित्य

*727. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत महारथपुर, महना, सवौरा, चकबली, जैमरा, मोसादपुर हरपुर ग्राम में विद्युत प्रवाहित करने वाली 11000 व 440 की तार एकदम जर्जर है जिसकी सूचना प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 125, दिनांक 11 सितम्बर, 2011 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, बरौनी को दिया गया परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

विद्युतीकरण करना

* 728. डॉ० दाऊद अली-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव अनुमंडल के ग्राम धरहरा, सरौरा, लाली के डेरा, डुमकी, अमशुआ, बाली, निखिल चनहंजी डेरा, अकालपुर डेरा, उड़ियानगंज, खरहाटांड के डेरा बीता यादव का डेरा, सतुहरी, बड़हरा, अकरौढ़ा डेरा, महादेवगंज, सरखरा, खरवनिया, किरनी, लोकपुर, समोसर, बारासात आदि गांवों का विद्युतीकरण आजतक नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

* 729. श्री जवाहर प्रसाद-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम के सदर अस्पताल में दस वर्षों से महिला डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने के कारण गंभीर रूप से पीड़ित महिलाओं का इलाज नहीं होता है, यदि हां, तो क्या सरकार सासाराम के सदर अस्पताल में महिला डॉक्टर का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

* 730. श्री अशोक कुमार -- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर प्रखंड के नागर बस्ती में अवस्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र की करीब दो एकड़ जमीन है तथा चालीस हजार आबादी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर लगाना

*731. श्री राम लषण राम ''रमण''-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की महरैल पंचायत पश्चिम टोल महरैल ग्राम के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली 24 घंटों में सिर्फ 2 से 3 घंटा ही मिल पाती है, क्योंकि कम क्षमता का ट्रान्सफॉर्मर लगाया गया है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आवश्यकतानुसार अधिक क्षमता वाला ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*732. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं से वंचित है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

विद्युतीकरण करना

*733. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा के अन्तर्गत प्रखंड हथुआ के ग्राम पंचायत राज खैरटिया के ग्राम खैरटिया बाजार, मुसहरटोली एवं ग्राम पंचायत राज फतेहपुर के ग्राम पसरौड़ा टोला, सतई एवं कुसौधी ग्राम में संजय सिंह के दुकान से दक्षिण तरफ अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्निर्माण करना

*734. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा पी०एच०सी० में भवन को डेढ़ साल पहले तोड़ दिया गया है, यदि हां, तो अभीतक उक्त भवन के पुनर्निर्माण नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

पदस्थापना करना

*735. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के स्थापना को 22 वर्ष हो गया है, किन्तु अजतक जिला न्यायाधीश का स्थायी पदस्थापना नहीं हो सकी है, यदि हां, तो सरकार कबतक अररिया में जिला न्यायाधीश की पदस्थापना स्थायी रूप से करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*736. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दो वर्षों से सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक, नियमित विशेषज्ञ चिकित्सक, ए ग्रेड नर्स एवं ए०एन०एम० पदस्थापित नहीं रहने के कारण यहां की चिकित्सा सेवा चरमरा गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने हेतु महिला चिकित्सक, नियमित विशेषज्ञ चिकित्सक, ए ग्रेड नर्स एवं ए०एन०एम० को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक 2 मार्च, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मी कान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 118--डी०टी०पी०--450--